ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಳಿ
ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು - 560 003
KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD
Malleswaram Bengaluru - 560 003

ರಾಜ್ಯಮಟ್ಟದ ಎಸ್. ಎಸ್. ಎಲ್. ಸಿ. ಪೂರ್ವ ಸಿದ್ಧತಾ ಪರೀಕ್ಷೆ,
ಫೆಬ್ರವರಿ / ಮಾರ್ಚ್ - 2024
STATE LEVEL SSLC PREPARATORY EXAMINATION,
FEBRUARY / MARCH - 2024

ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 61- H    Subject code : 61- H

ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ - ಹಿಂದಿ
Subject : third language - HINDI

ದಿನಾಂಕ : 28. 2. 2024]    [Date : 28. 02. 2024
ಸಮಯ:ಬೆಳಿಗ್ಗೆ10-15 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-15ರವರೆಗೆ][Time :10-15A.M to 1-15P.M]
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು 80]    [Max. marks : 80]

## नमूना उत्तर पत्रिका

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| I. | बहुविकल्पीय प्रश्न : 8 × 1 = 8 | |
| 1. | (B). कम | 1 |
| 2. | (D). कुतिया | 1 |
| 3. | (A). गलियाँ | 1 |
| 4. | (C). बिठाना | 1 |
| 5. | (B). वृद्धि | 1 |
| 6. | (D). तत्पुरुष | 1 |
| 7. | (A). प्रश्नवाचक | 1 |
| 8. | (C). की | 1 |
| II. | निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4 × 1 = 4 | |
| 9. | उत्तर : झब्बेदार | 1 |
| 10. | उत्तर : व्यंग्य रचना | 1 |
| 11. | उत्तर : झबरू | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 12. | उत्तर : चुगलखोर | 1 |
| III.<br>13. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 4 × 1 = 4<br>उत्तर : रोज एक सेब खाने से डॉक्टरों की जरूरत नहीं रहेगी। | 1 |
| 14. | उत्तर : लेखक परसाई जी ने धूप का चश्मा टेबुल पर रखा था। | 1 |
| 15. | उत्तर : ईश दिया हुआ अनुपम धन समय है। | 1 |
| 16. | उत्तर : हंस का गुण पानी को छोड़कर सिर्फ दूध को पीना होता है। | 1 |
| IV.<br>17. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन पूर्ण वाक्य में लिखिए: 8 × 2 = 16<br>उत्तर : किन्द्रू लालिम और किंचा लालीदाम ने हाथी, भैंस, साँप और मछली जानवरों से मुलाकात की। | 2 |
| 18. | उत्तर : * धीरज सक्सेना के नाती-पोतों का होमवर्क कराने के लिए<br>* एवं वर्ड प्रोसेसर पर उनका काम संभालने के लिए बुद्धिमान रोबोट की जरूरत थी। | 2 |
| 19. | उत्तर : * बाजार में लोगों के साथ होने वाली धोखेबाजी पर प्रकाश डाला गया है।<br>* खरीदारी करते समय सावधानी बरतने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है।<br>* अगर खरीदारी करते समय सावधानी नहीं बरतें तो धोखा खाने की संभावना होती है। | 2 |
| 20. | उत्तर : जैनुलाबदीन नमाज़ के बारे में कहते हैं कि -'जब तुम नमाज पढ़ते हो तो तुम अपने शरीर से इतर ब्रह्मांड का एक हिस्सा बन जाते हो; जिसमें, दौलत, आयु, जाति या धर्म पंथ का कोई भेद-भाव नहीं होता। | 2 |
| 21. | उत्तर : * भाई बलराम मुझे बहुत चिढ़ाता है।<br>* वह मुझसे कहता है कि तुम्हें यशोदा माँ ने जन्म नहीं दिया है।<br>* बल्कि मोल लिया है।<br>* बलराम कृष्ण को बार-बार पूछता है तुम्हारे माता-पिता कौन है ?<br>* नंद और यशोदा तो गोरे हैं।<br>* लेकिन तुम्हारे शरीर काला है। | 2 |
| 22. | उत्तर : * समय बहुत अनमोल है।<br>* सब समय सुसमय होता है।<br>* समय को नष्ट करने से सुख नहीं मिलता है।<br>* हम जो भी काम करते हैं उसे मन लगाकर करना चाहिए। तब समय का सदुपयोग होता है। | 2 |
| 23. | उत्तर : * शनि सौरमंडल का दूसरा बड़ा ग्रह है।<br>* यह हमारे पृथ्वी से करीब 750 गुना बड़ा है।<br>अथवा<br>* शनि का वायुमंडल हाइड्रोजन, हीलियम, मीथेन तथा एमोनिया गैसों से बना है। | 2 |
| 24. | उत्तर : शास्त्र में सत्य बोलने का तरीका इस प्रकार समझाया गया है कि- 'सत्यं ब्रूयात, प्रियं ब्रूयात, न ब्रूयात् सत्यमप्रियम्', अर्थात् , 'सच | |

| | | |
|---|---|---|
| | बोलो जो दूसरों को प्रिय लगे, अप्रिय सत्य मत बोलो।'<br>अथवा<br>आज के बच्चे कल के नागरिक हैं। विद्यार्थियों ! आज से, नहीं नहीं ; अब से ही आप इन कर्तव्यों का पालन करना शुरू करो। इससे आपका हित तो होगा ही, देश का कल्याण भी होगा। | 2 |
| V.<br>25. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : 9 × 3 = 27<br><u>उत्तर</u> : * लेखिका जब अस्पताल में थी तब गिल्लू उदास रहता था ।<br>* अपना प्रिय खाद्य काजू बहुत कम खाता था ।<br>* लेखिका की अस्वस्थता में उनके तकिए के सिरहाने बैठकर अपने नन्हे पंजों से उनके सिर और बाल सहलाता।<br>* महादेवी वर्मा जी को पशु-पक्षियों से अधिक प्रेम था।<br>* घायल गिल्लू को अपने कमरे में लाकर रुई से रक्त पोंछकर घावों पर पेंन्सिलिन का मरहम लगाकर उसकी रक्षा करती है।<br>* हमेशा उसको खाने के लिए काजू और बिस्कुट देती है।<br>* गिल्लू के जीवन यात्रा का अंत आने पर उसके पंजे ठंडे होते हैं तो जागकर हीटर जलाकर उसे उष्णथा देने का प्रयत्न करती है। | 3 |
| 26. | <u>उत्तर</u> : * पंडित राजकिशोर मजदूरों के नेता थे।<br>* पंडित राजकिशोर गरीबों के प्रति सहानुभूति दिखाने वाले व्यक्ति हैं।<br>* पं.राजकिशोर बसंत के आग्रह पर, उसे सहायता करने की दृष्टि से एक छलनी खरीदते हैं।<br>* प्रताप से बसंत की मोटर दुर्घटना का समाचार सुनते ही तुरंत उसके घर पहुँचते हैं।<br>* बसंत का इलाज कराने के लिए डॉक्टर को बुलाते हैं।<br>* बसंत को अस्पताल ले जाने का प्रबंध भी करते हैं। | 3 |
| 27. | <u>उत्तर</u> : * वीडियो कान्फरेन्स द्वारा एक जगह बैठकर दुनिया के कई देशों के प्रतिनिधियों के साथ 8 - 10 दूरदर्शन के परदे पर चर्चा कर सकते हैं ।<br>* एक ही कमरे में बैठकर विभिन्न देशों में रहनेवाले लोगों के साथ विचार-विनिमय कर सकते हैं। | 3 |
| 28. | <u>उत्तर</u> : * स्कूल के परिसर को स्वच्छ रखने से।<br>* गाँव की गंदगी को दूर करने से।<br>* गाँव को हरा-भरा रखने से।<br>* गाँव के चारों तरफ पेड़-पौधे लगाने से।<br>* अपने-अपने घरों में भी फलदार के पेड़ लगाने से।<br>गाँव को आदर्श गाँव बनाया जा सकता है। | 3 |
| 29. | <u>उत्तर</u>: * बचेंद्री पाल का जन्म एक साधारण भारतीय परिवार में होता है।<br>* बचपन में बछेंद्री रोज 5 किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल जाती थी। | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| | * पढ़ाई का खर्च जुटाने के लिए सिलाई का काम सीख लेती है।<br>* एवरेस्ट शिखर पर चढने के पूर्व बहुत सारे छोटे-छोटे पहाड़ों पर चढ़ने की प्रशिक्षण लेती हैं।<br>* एवरेस्ट शिखर चढ़ने के पूर्व सुबह 5:00 बजे उठकर बर्फ पिघलाती है, चाय बनाती हैं।<br>* एवरेस्ट शिखर पर पहुँचने के लिए बहुत सारे कठिनाइयों का सामना करती है।<br>* वास्तव में बचेंद्री पाल एक साहसी महिला है। | |
| 30. | <u>उत्तर</u>: * भारत माता अमरों की जननी है।<br>* भारत माता की उर में गांधी, बुद्ध और राम जैसे महान पुरुष शायित है।<br>* भारत के वन-उपवन फल-फूलों से युत हैं।<br>* खनिजों का व्यापक धन मातृभूमि के अंदर भरा हुआ है।<br>* भारत माता के एक हाथ में न्याय का पताका है और दूसरे हाथ में ज्ञान का दीप है।<br>* आज भारत माता के साथ कोटि-कोटि लोग हैं। | 3 |
| 31. | <u>उत्तर</u> : * आज मानव ने प्रकृति के अनेक तत्वों को अपने नियंत्रण में कर लिया है।<br>* आज के मानव के हाथों में जल, विद्युत और भाप बँधे हुए हैं।<br>* पवन का ताप भी मानव के हुक्म चढ़ता-उतरता है।<br>* आज मानव एक समान नदी, पर्वत और सागर लाँग रहा है।<br>* आज के मानव का यान गगन में भी जा रहा है।<br>* आज के मानव के हाथों को देखकर परमाणु भी काँप रहें हैं। | 3 |
| 32. | <u>उत्तर</u> : <u>प्रस्तावना</u> : प्रस्तुत दोहे को ' राम-भक्ति शाखा ' के प्रमुख कवि तुलसीदास जी द्वारा लिखित 'तुलसी के दोहे' से लिया गया है।<br><u>भावार्थ</u> : प्रस्तुत दोहे के द्वारा तुलसीदास जी कहते हैं कि जिस तरह देहरी पर दिया रखने से घर के भीतर तथा आँगन में प्रकाश फैलता है, उसी तरह राम-नाम जपने से मानव की आंतरिक और बाह्य शुद्धि होती है। | 3 |
| 33. | <u>उत्तर</u> :ಅಬ್ದುಲ್ ಕಲಾಂ ರವರ ಬಾಲ್ಯದಲ್ಲಿ ಮೂವರು ಉತ್ತಮ ಸ್ನೇಹಿತರನ್ನು ಹೊಂದಿದ್ದರು. ರಮಾನಂದ ಶಾಸ್ತ್ರಿ, ಅರವಿಂದನ್ ಮತ್ತು ಶಿವಪ್ರಕಾಶ. ಮೂವರು ಬ್ರಾಹ್ಮಣ ಕುಟುಂಬದಿಂದ ಬಂದವರು. ರಮಾನಂದ ಶಾಸ್ತ್ರಿ ರಾಮೇಶ್ವರ ದೇವಸ್ಥಾನದ ಹಿರಿಯ ಅರ್ಚಕ ಪಕ್ಷಿ ಲಕ್ಷ್ಮಣ ಶಾಸ್ತ್ರೀ ಅವರ ಮಗನಾಗಿದ್ದನು. | 3 |
| VI. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छ: वाक्यों में लिखिए : 2 × 4 = 8 | |
| 34. | <u>उत्तर</u> : * कर्नाटक राज्य की शिल्पकला अनोखी है।<br>* बादामी, ऐहोले, पट्टदकल्लु में जो मंदिर हैं, उनकी शिल्पकला और वास्तुकला अद्भुत है।<br>* बेलूर, हलेबीडु, सोमनाथपुरम के मंदिरों में पत्थर की जो मूर्तियाँ हैं, | |

| | | |
|---|---|---|
| | वे सजीव लगती हैं।<br>* श्रवणबेलगोला के गोमटेश्वर की प्रतिमा दुनिया को त्याग और शांति का संदेश दे रही है।<br>* विजयपुरा के गोलगुंबज की व्हिस्परिंग गैलरी वास्तुकला का अद्वितीय दृष्टांत है।<br>* मैसूर का राजमहल कर्नाटक के वैभव का प्रतीक है।<br>* सेंट फिलोमिना चर्च, जगनमोहन राजमहल का पुरातत्व वस्तु संग्रहालय आकर्षणीय हैं।<br>अथवा<br>* वचनकार बसवण्णा, अक्कमहादेवी, अल्लमप्रभु, सर्वज्ञ जैसे अनेक संतों ने अपने अनमोल वचनों द्वारा प्रेम, दया और धर्म की सीख दी है।<br>* पुरंदरदास, कनकदास, आदि भक्त कवियों ने भक्ति, नीति, सदाचार के गीत गाये हैं।<br>* पंपा, रन्ना, पोन्ना, कुमारव्यास, राघवांक आदि महान काव्यों की रचना कर कन्नड़ साहित्य को समृद्ध बनाया है।<br>* ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त आठ दिग्गज कर्नाटक के लिए गौरव का विषय है। | 4 |
| 35. | असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,<br>क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो।<br>जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,<br>संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम। | 4 |
| VII. 36. | गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $4 \times 1 = 4$<br><u>उत्तर</u> : (अ) कबीर दास का जन्म काशी में हुआ।<br><u>उत्तर</u> : (आ) कबीर दास का जन्म ब्राह्मण परिवार में हुआ।<br><u>उत्तर</u> : (इ) कबीर दास का लालन-पालन नीम और नीरू नमक जुलाहा दंपति ने किया।<br><u>उत्तर</u> : (ई) कबीर दास ने समाज की कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया। | 1<br>1<br>1<br>1 |
| VIII.37. | दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए : $4 \times 1 = 4$<br><br>(क) <u>जनसंख्या विस्फोट</u><br><u>प्रस्तावना</u> : जनसंख्या की समस्या सामान्य रूप से विश्व की समस्या है। जनसंख्या की दृष्टि से भारत विश्व में दूसरे स्थान पर है। यह केवल चीन से पीछे है। इस समय भारत की जनसंख्या लग<br>भग 130 करोड़ से अधिक है।<br><br><u>जनसंख्या में वृद्धि के कारण</u> :<br>* विज्ञान की उन्नति के साथ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की सुविधाओं में उन्नति | 4 |

हुई है।
* प्राचीन मान्यताओं के अनुसार बच्चे भगवान की देन है।
* अशिक्षित और गरीब वर्ग के लोगों के अज्ञान के कारण जनसंख्या में वृद्धि हुई है।
* अंधविश्वास तथा रूढ़िवादिता।
* परिवार नियोजन को अपनाते नहीं है।

परिणाम :
* जनसंख्या के विस्फोटक के कारण देश की प्रगति कुंठित होती है।
* बेकारी की समस्या में भी वृद्धि हुई है।
* अपराध में वृद्धि हुई है।
* पर्यावरण प्रदूषण की समस्या उत्पन्न हो गई है।
* दिन प्रति दिन महँगाई बढ़ रही है।

उपचार :
* व्यक्तिगत रूप में परिवार को छोटे से छोटा रखने का प्रयास करें।
* संचार माध्यमों द्वारा छोटे परिवार से होने वाले फायदों का प्रचार-प्रसार करें।
* विवाह आयु को बढ़ाना चाहिए।
* परिवार नियोजन को अपनाने वालों को सरकार द्वारा इनाम या नौकरी दी जाए।
* बाल विवाह को रोकना चाहिए।

उपसंहार : हमारे देश के विकास में जनसंख्या की वृद्धि एक बहुत बड़ी बाधा है। इस समस्या को छुटकारा पाने का एक ही उपाय है - देश का प्रत्येक नागरिक इस समस्या का हल करने में सहायक हो। हमें निम्न पंक्ति जन-जन तक पहुँचानी चाहिए -

" सुखमय जीवन का यह सार , दो बच्चों का हो परिवार। "

## (ख) बेरोजगारी

विषय प्रवेश : बेरोजगारी हमारे देश की एक कठिन समस्या है। बेरोजगारी एक आर्थिक और सामाजिक समस्या है। जिसके कारण देश की शांति और व्यवस्था को खतरा है और देश की प्रगति कुंठित हो रही है।

बेरोजगारी का अर्थ : बेरोजगार उस व्यक्ति को कहा जाता है जो कि बाजार में प्रचलित मजदूरी दर पर काम तो करना चाहता लेकिन उसे काम नहीं मिल पा रहा है। किसी पढ़े-लिखे व्यक्ति को उसकी काबिलियत के हिसाब से नौकरी नहीं मिल रही है तो उसे बेरोजगार माना जाता है।

बेरोजगारी के कारण :
* बढ़ती हुई जनसंख्या।

* दोषपूर्ण शिक्षा प्रणाली।
* आधुनिक मशीनों का उपयोग।
* उद्योग धंधों का अभाव।
* लघु तथा कुटीर उद्योगों की अवनति।

बेरोजगारी के दुष्परिणाम :
* बेरोजगारी के कारण निर्धनता में वृद्धि होती है।
* भुखमरी की समस्या उत्पन्न होती है।
* अपराधों में वृद्धि होती है।
* मानसिक अशांति होती है और कुछ लोग तंग आकर आत्महत्या कर लेते हैं।
* देश की आर्थिक स्थिति कुंठित होती है।

बेरोजगारी को दूर करने के उपाय :
* लघु उद्योगों को प्रोत्साहन देना।
* जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण लगाना।
* मशीनीकरण और कंप्यूटरीकरण पर नियंत्रण करना।
* कुटीर और लघु उद्योगों का विकास करना।
* शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन लाना।

उपसंहार : हमें निराश नहीं होना चाहिए। हमारी शिक्षा व्यवस्था में सुधार किया जा रहा है। अपने काम धंधे करने के लिए लोन दिया जा रहा है। आवश्यकता इस बात की है कि हम आत्मविश्वास और दृढ़ता के साथ सहयोग करें और हमें मिलकर इस समस्या को हल करें।

---

## (ग) इंटरनेट एक वरदान

विषय प्रवेश : वैज्ञानिक आविष्कारों ने मानव जीवन को सुविधाजनक बनाया है। आज का युग
इंटरनेट युग है। इंटरनेट से मानव की जीवन शैली और उनकी सोच में क्रांतिकारी परिवर्तन हुआ है।

अर्थ : इंटरनेट अनगिनत कंप्यूटरों के कई अंतर्जालों का एक दूसरे से संबंध स्थापित करने का जाल है। आज इंसान के लिए खान-पान जितना जरूरी है इंटरनेट भी उतना ही आवश्यक हो गया है।

लाभ / वरदान :
* इंटरनेट द्वारा पल भर में कोई भी विचार हो स्थिर चित्र हो, वीडियो चित्र हो, दुनिया के किसी
  भी कोने में भेज सकते हैं।
* इंटरनेट द्वारा घर बैठे-बैठे खरीदारी कर सकते हैं, कोई भी बिल भर

<table>
<tr><td></td><td>सकते हैं।<br>* इंटरनेट द्वारा दुनिया के किसी भी जगह पर चाहे जितनी भी रकम भेजी जा सकती हैं।<br>* वीडियो कान्फरेन्स द्वारा देश-विदेश में रहनेवाले लोगों के साथ विचार-विनिमय कर सकते हैं।<br>* इंटरनेट की सहायता से बेरोजगारी को दूर सकते हैं।<br>* इंटरनेट द्वारा कई देशों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है।<br>* ई-गवर्नेंस द्वारा प्रशासन पारदर्शी बन सकता है।<br><br>हानि / अभिशाप : इंटरनेट एक ओर वरदान है तो दूसरी ओर वह अभिशाप भी है।<br>* इंटरनेट की वजह से पैरवी, बैंकिंग फ्रॉड, हैंकिंग आदि बढ़ रही है।<br>* मुक्त वेबसाइट, चैटिंग आदि से युवा पीढ़ी ही नहीं बच्चे भी इंटरनेट की कबंध बाँहों के पाश में<br>फँसे हुए है।<br>* इंटरनेट से वक्त का दुरुपयोग होता है और बच्चे अनुपयुक्त और अनावश्यक जानकारी<br>हासिल कर रहे हैं।<br><br>उपसंहार : जीवन के हर क्षेत्र में इंटरनेट का बहुत बड़ा योगदान है। इंटरनेट एक ओर वरदान है तो दूसरी ओर अभिशाप भी है। इसलिए आप लोगों को इंटरनेट से सचेत रहना चाहिए।</td><td></td></tr>
<tr><td>IX.<br>38.</td><td>निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : 1 × 5 = 5<br>दिनांक : 28/02/2024<br><br>पूज्य पिताजी,<br>सादर प्रणाम।<br><br>मैं यहाँ आपके आशीर्वाद से कुशल हूँ। मेरी पढ़ाई ठीक चल रही है। आपकी आज्ञानुसार मन लगाकर दिन-रात पढ़ाई कर रहा हूँ। अगले महीने में वार्षिक परीक्षा संपन्न हुई है। परीक्षा में अच्छे अंक लेकर उत्तीर्ण होता हूँ।<br><br>माताजी को मेरा प्रणाम, छोटा भाई किशन को ढेर सारा प्यार।<br><br>आपका आज्ञाकारी बेटा,<br>गगन के नायक<br><br>सेवा में;<br>कुमार स्वामी बी.<br>घर नं.920/40<br>बालाजी निवास<br>भगत सिंह नगर, दावणगेरे।</td><td></td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| | अथवा<br><br>प्रेषक, दिनांक:28/02/2024<br>गगन के नायक<br>दसवीं कक्षा<br>सरकारी हाईस्कूल करेकट्टे,<br>चन्नगिरी तालुक।<br><br>सेवा में,<br>कक्षाध्यापक जी,<br>सरकारी हाईस्कूल करेकट्टे,<br>चन्नगिरी तालुक।<br><br>आदरणीय महोदय,<br><br>विषय : तीन दिन की छुट्टी माँगते हुए।<br><br>उपर्युक्त विषय के अनुसार आपसे सविनय निवेदन है कि मेरे बड़े भाई के विवाह संपन्न हुई है। विवाह में शामिल होने के लिए बेंगलुरु जा रहा हूँ। इसलिए मैं तीन दिन स्कूल नहीं आ सकता। अतः आप मुझे दिनांक: 29/02/2024 से दिनांक:02/03/2024 तक तीन दिन की छुट्टी देने की कृपा करें।<br><br>धन्यवाद सहित।<br><br>स्थान : करेकट्टे आज्ञाकारी छात्र :<br>गगन के नायक | 5 |